हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 20 अगस्त 2025

06 संपूर्ण देश में बल्देवगढ़ ने किया बेहतर प्रदर्शन...



07 जनसुनवाई हो गई समाप्त, फिर भी कलेक्टर...





## खबर संक्षेप

### डॉ. सौरभ जैननोडल अधिकारी नियुक्त

**सागर।** बुंदेलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर से संबंधित समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया से असत्य, भ्रामक एवं तथ्यहीन खबरों के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने एवं खण्डन किये जाने हेतु चिकित्सा शिक्षक सहायक प्रोफेसर, टीबी चेस्ट विभाग डॉ. सौरभ जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जनसुनवाई में हुई 219 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 219 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर आदिती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 219 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### जिला न्यायालय में होगी लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भर्ती

**सागर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा विधिक सहायता प्रक्रिया में आवश्यक सुधारों पर विचार करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए, सार्वजनिक रक्षक प्रणाली के अनुरूप, निःशुल्क विधिक सेवा का एक नया मॉडल, लीगल एड डिफेंस काउंलिस सिस्टम लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर में एक वर्ष की संविदा के आधार पर कुल 5 पद (चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल- 02 पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल - 02 पद) पर भर्ती किये जाने की प्रकिया प्रारंभ की गई है। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्तागण 13.09.2025 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर में स्वयं उपस्थित होकर या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की अधिकारिक वेबसाईट एवं जिला न्यायालय सागर की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### गौशाला संचालक महिलाओं का चल रहा प्रशिक्षण

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला समूह कि वे महिलाएं जिनकी समूह मनरेगा अंतर्गत गौशाला संचालक का कार्य कर रहे हैं उन महिलाओं को कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन पर गोबर और गोमूत्र से विभिन्न उत्पादों के निर्माण के लिए तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में महिलाओं को गोबर से घड़ी बनाना माला बनाना, पंचगव्य बनाना, गोमूत्र से कीटनाशकों को बनाना, हवन सामग्री बनाना आदि साकेत धाम गौशाला में सिखाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण की उपरांत महिलाओं से अपेक्षा है कि वह अपनी अपनी गौशालाओं में इन उत्पादों का निर्माण कर स्थानीय मांग के अनुसार अपने उत्पादों को भेजेंगे ताकि गौशाला को अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो। इस प्रशिक्षण में जैसीनगर विकासखंड के ग्राम बांसा राहतगढ़ के ग्राम सिहोरा खुरई के ग्राम वर्धा बसारी सागर के ग्राम पड़रिया आदि गौशालाओं से जुड़ी महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

## शॉर्ट टर्म पेन, लॉन्ग टर्म गेन का ही सफलता का मूल मंत्र है: मेजर गजराज सिंह

# अनुशासन, आत्मविश्वास, दृढ़ता, साहस और त्याग विद्यार्थियों की सफलता के लिए पंच रत्न है : कर्नल राम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महाविद्यालय में वसुधैव कुटुंबकम की भारतीय अवधारणा विषय पर व्याख्यानमाला एवं महाविद्यालय के प्रतिभाशाली एनसीसी कैडेट्स के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में सेवानिवृत कर्नल राम सिंह, सेवानिवृत मेजर एस सी शर्मा, सेवानिवृत मेजर गजराज सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता वीनु राणा एवं मुख्य वक्ता के रूप में सागर शहर के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉक्टर जी एस चौबे, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता, महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रंजना मिश्रा एवं डॉ. गोपा जैन, महाविद्यालय के एएनओ डॉ.जय नारायण यादव मंच पर सुशोभित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सागर शहर और महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त करने वाले कॉलेज के एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर कपिल यादव की उपलब्धियां की जानकारी प्रस्तुत करने के साथ हुई संचालन करता डॉ अमर कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि कपिल यादव पूरे भारत की एकमात्र विद्यार्थी हैं जिनका चयन चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन मेडल के लिए हुआ है। साथ ही नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ़ माउंटेनियरिंग केरल के प्रशिक्षक के रूप में भी चयनित होने वाले एकमात्र विद्यार्थी हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय के डॉ लेफ्टिनेंट जयनारायण यादव ने महाविद्यालय के अन्य एनसीसी कैडेट की उपलब्धियां से दर्शकों को



परिचित कराया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट समीर कुशवाहा ने वर्ष 2025 में गणतंत्र दिवस की राजपथ परेड में एमपीसीजी समूह का नेतृत्व किया था एवं अन्य एनसीसी कैडेट राजा प्रजापति और श्रेयांश राय भी आरडीसी में चयनित हुए महाविद्यालय की छात्रा एनसीसी इकाई से रिया का भी चयन आरडीसी परेड के लिए हुआ था। जबकि एनसीसी कैडेट निलेश लोधी ने एनसीसी स्पोर्ट्स शूटिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के प्रतिनिधि के रूप मेंसहभागिता की । एनसीसी कैडेट अभिषेक रजक का चयन थल सैनिक कैंप के लिए हुआ था इसी क्रम में एनसीसी कैडेट कपिल यादव ने अपनी उपलब्धियां और संघर्ष यात्रा के संस्मरण सुनाते हुए अपने साथी विद्यार्थियों को बताया कि अनुशासन,लग्न और परिश्रम का जीवन में बहुत महत्व है,जब वह अनुशासनहीन थे,तब कई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बावजूद भी असफल रहे, लेकिन अनुशासित बनने के बाद उन्होंने एक के बाद एक अनेक उपलब्धियां अर्जित की, जैसे नेहरू इंस्टीट्यूट का माउंटेनियरिंग का बीएमसी कोर्स जिसमें 15,300 फीट ऊंचे हुर्रा टॉप पर तिरंगा लहराया। सके बाद उन्हें नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स, दिरांग (अरुणाचल प्रदेश) में एडवांस्ड माउंटेनियरिंग कोर्स के लिए चुना गया। यह कोर्स 17 अगस्त से 17 सितम्बर 2024 तक चला, जिसमें उन्होंने रॉक क्लाइम्बिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, सर्वाइवल नाइट क्लाइम्बिंग जैसी कठिन प्रशिक्षण गतिविधियों में सफलता पाई। इस दौरान उन्होंने 376 किलोमीटर पैदल यात्रा (रक्शेक के साथ) कर 17,800 फीट ऊंचे गोरीचेन पर तिरंगा फहराया मुख्य अतिथि कर्नल राम सिंह ने कपिल यादव को बधाई देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासन, आत्मविश्वास, दृढ़ता,साहस और त्याग विद्यार्थियों की सफलता के लिए पंच रत्न है को ऊंची दुर्गम बर्फीली पहाड़ियों की कठिन परिस्थितियों से अवगत कराया, जहां ऑक्सीजन की कमी अपर्याप्त भोजन पानी एवं आवास की व्यवस्था होती है इन कठिन परिस्थितियों में भी कपिल यादव की उपलब्धियां उनके साथियों के लिए प्रेरणादायक हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय की उपलब्धि प्राप्त करने वाले विभिन्न एनसीसी कैडेट को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि प्रत्येक मनुष्य में तीन प्रकार की वृतियां पायी जाती हैं भाव वृति, ज्ञानवृति और कर्म वृति, जो व्यक्ति इन तीनों वृतियों में समन्वय स्थापित कर लेता है,निश्चित ही सफलता को प्राप्त करता है। उन्होंने प्राचीन ग्रंथ में गुरु शिष्य संवाद पर आधारित एक श्लोक के माध्यम से भारतीय संस्कृति में शाश्वत रूप से चली आ रही वसुधैव कुटुंबकम की धारणा को समझाया।मेजर गजराज सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में चार डी-डिसिप्लिन, डिवोशन, डेडीकेशन और डिटरमिनेशन का महत्व समझाया। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए अनुशासित जीवनचर्या अपनाने, ईमानदार आज्ञाकारी और विश्वास पात्र बनने के लिए कहा।उन्होंने शॉर्ट टर्म पेन, लॉन्ग टर्म गेन का मूल मंत्र समझाते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करने की सलाह दी। इसी क्रम में अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न उपलब्धियां हासिल करने वाले एनसीसी कैडेट्स कपिल यादव, समीर कुशवाहा,राजा प्रजापति, श्रेयांश राय, निलेश लोधी, अभिषेक रजक और रिया को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस के नवनियुक्त जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र मुहासा 21 अगस्त को सागर आएंगे

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के साथ रैली में शामिल होंगे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कांग्रेस पार्टी नवनियुक्त जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा नई जिम्मेदारी के साथ गुरुवार 21 अगस्त को सागर आएंगे। वे यहां आकर भगवानगंज स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्याअर्पण करने के बाद शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के साथ जन आशीर्वाद रैली के रूप में कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे। इसके पहले नवनियुक्त अध्यक्षद्वय तीन बत्ती स्थित डॉ हरिसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

जिला कांग्रेस के प्रवक्ता एड लक्ष्मी नारायण सोनकिया ने बताया कि जिला ग्रामीण कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा 21 अगस्त को भोपाल से सागर पहुंच रहे हैं। इस दौरानदोपहर 1 बजे राहतगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस जनों द्वारा उनकी अगवानी कर स्वागत किया जाएगा यहां से रवाना होकर वेदोपहर 2 बजे सागर पहुंचेंगे। नवनियुक्त जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा मोती नगर चौराहे से भगवानगंज स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंचकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे तत्पश्चात कांग्रेस नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता का आशीर्वाद लेते हुए तीन बत्ती स्थित डॉ सर हरिसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे तथा कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अन्य राष्ट्रीय नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण करने के उपरांत कांग्रेसजनों व जन-सामान्य से भेंट करेंगे।




## दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया जिला स्तरीय राइफल शूटिंग में रहा अव्वल

**सागर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंश साहू ( अंडर 14 आयु वर्ग) विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी ने बेहतरीन लक्ष्यभेदी कौशल का प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में सागर, खुरई, रहली, बीना, देवरी जिले के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें डी पी एस मकरोनिया के छात्र ने सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। निर्णायक मंडल ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, एकाग्रता और खेल भावना की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य जिजीष जोसफ ने अंश साहू की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा। आज दिनांक 18 अगस्त ग्रेटमैन विद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में सागर संभाग का प्रतिनिधित्व दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया ने किया।



## फीस, गणवेश, पुस्तकों की सूक्ष्मता से करें जांच

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के सभी निजी विद्यालयों की जांच की जा रही है जिसमें मुख्य रूप से निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों से ली जाने वाली शुल्क, गणवेश एवं विद्यालय में चलने वाले पुस्तकों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा निजी विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस एवं संबंधित विषयांश विनिमय अधिनियम 2017, अधिनियम 2018 एवं अधिनियम 2020 के तहत फीस वृद्धि, एनसीईआरटी की पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म क्रय करने के संबंध में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज सागर शहर की एसडीएम अदिति यादव एपीसी अभय श्रीवास्तव, बीआरसी अनिरुद्ध डिमा एवं बीएसी राघवेन्द्र सिंह के संयुक्त दल ने सेण्ट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, ब्लू बेल्स विद्यालय एवं वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ऑनलाइन फीस की एंट्री, ऑफ लाइन फीस एंट्री, एनसीईआरटी की पुस्तकों की उपलब्धता एवं शैक्षणिक अध्ययन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई साथ ही विद्यालयों कें कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से फीस, गणवेश पुस्तकों के संबंध में जानकारी ली गई साथ ही विद्यार्थियों से शैक्षणिक अध्ययन एवं विद्यालय गतिविधियों के संबंध में जानकारी भी ली गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी निजी विद्यालयों का निरीक्षण लगातार किया जाए एवं अनियमित्ताएं पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।

## नगर निगम क्षेत्र में लायसेंस न बनवाने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम सीमा क्षेत्र के व्यापारियों को नियमानुसार अनुज्ञप्ति न बनवाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुध्द कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश बाजार प्रभारी को दिए हैं जिसके तहत सोमवार को सहायक आयुक्त एवं बाजार शाखा प्रभारी आनंद मंगल गुरु के नेतृत्व नगर निगम की टीम द्वारा शासन आदेशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी व्यापारियों को व्यापार अनुज्ञप्ति (लायसेंस) न बनवाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है । सोमवार को तुलसीनगर, भगवान गंज, तिलकगंज वार्ड में सेंट्रल मोटर्स, ऑटो प्वाइंट, सागर डीजल्स, बालाजी साड़ी एम्पोरियम, डिम्पल पेट्रोल पंप, डा.एस.एस. खन्ना हास्पिटल, एवं आशियाना होटल पर कार्रवाई की गई तथा स्पाट पर लायसेंस बनाए गए तथा 2 लाख 70 हजार 920 रुपए जमा कराए गए। बुधवार को टीम द्वारा शहर के मैरिज गार्डन एवं अन्य गार्डन एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान दल के सदस्य उपयंत्री संयम चतुर्वेदी, देवकुमार चौबे, संजय सोनी, अनिरुद्ध चाचौंदिया, शशांक रावत उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शासन ने स्कूल, कालेज, होटल, ज्वेलर्स, सभी खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले, लाज, किराना, जनरल स्टोर, फल व सब्जी विक्रेता, कूलर, पंखा सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान विक्रेता, ट्रांसपोर्ट,रेडीमेड गारमेंट्स, फैक्ट्री, वाहन शोरूम , अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, बिल्डर्स सहित सभी व्यापारियों को अनुज्ञप्ति (लायसेंस) लेना अनिवार्य किया गया है ।

## जन अभियान परिषद द्वारा मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हरित मध्य प्रदेश के संकल्प साकार करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त रूप से माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत शाहगढ़ के बैठक कक्ष में माटी गणेश बीज गणेश का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें माटी से गणेश प्रतिमा का निर्माण करना तथा प्रतिमा में बीज को रखने का प्रशिक्षण दिया गया इस अभियान से पर्यावरण संरक्षण हरित मध्य प्रदेश एवं भारत की प्राचीन संस्कृति एवं कला को बढ़ावा देने का संदेश पहुंचा विकासखंड समन्वयक ज्योति मिश्रा द्वारा अभियान के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया प्रशिक्षण में लगभग 120 की संख्या रही इस कार्यक्रम में अमरमऊ पंचायत के सरपंच नवांकुर् संस्था परामर्शदाता छात्र ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## जननी सुरक्षा की राशि प्रसव के दिन ही प्रदान करें: कलेक्टर संदीप जी आर

**सागर।** कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जननी सुरक्षा की राशि माता को प्रसव के दिन ही प्रदान की जाए जिससे कि उनको उचित पोषण आहार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा की राशि प्रसव के दिन ही प्रदान करने के लिए गर्भवती माता के प्रथम माह में ही सभी आवश्यकताएं कागजी कार्रवाई पूरी कर ली जाए जिसमें सर्वप्रथम उनकी ईकेवाईसी, बैंक की डीबीटी, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यकताओं को पूरा किया जाए जिससे कि गर्भवती माता को प्रसव के दिन ही जननी सुरक्षा की राशि प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार गर्भवती माता की सभी आवश्यक जांच प्रथम माह से ही की जाए यह भी सुनिश्चित किया जाए एवं सभी प्रकार के टीकाकरण एवं पंजीयन की कार्रवाई भी आशा कार्यकर्ता, एएनएम कार्यकर्ता के माध्यम से सुनिश्चित की जावे जिससे की मातृ, शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके । उन्होंने निर्देश दिए की संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किया जावे एवं आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए जिससे कि 100% संस्थागत प्रसव ही हो। कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त एसडीएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं सभी फील्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रकार उन महिलाओं की भी सभी केवाईसी, आधार अपडेट, बैंक डीबीटी को भी करें जिनका विवाह सागर जिले में हुआ है शादी के बाद यह सभी आवश्यकताएं पूरी की जाएं।

# रिटायर्ड फौजी को दोहरा आजीवन कारावास, अपने भाई और भतीजे की गोली मारकर की थी हत्या, बेटी हुई थी घायल

**सागर ।** बहुचर्चित हत्याकांड में सागर की अदालत ने आरोपी को दोहरे आजीवन कारा बाद की सजा सुनाई है। इसमें अपने भाई और भतीजे की गोली मारकर हत्या एवं अपनी लड़की की गोली मारकर हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी रामाधार तिवारी को भा.द.वि. की धारा- 302 के तहत दोहरा आजीवन सश्रम कारावास एवं दो-दो हजार रूपये अर्थदण्ड एवं भादवि की धारा- 307 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रूपये अर्थदण्ड तथा धारा- 30 आयुध अधिनियम के तहत 06 माह का सश्रम कारावास एवं दो हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से अपर-सत्र न्यायाधीष/विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) प्रषांत सक्सेना जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया । मामले की पैरवी विषेष लोक अभियोजक सौरभ डिम्हा ने की । जिला अभियोजन सागर के मीडिया प्रभारी सौरभ डिम्हा ने बताया कि 01 सितंबर .23 को फरियादी कमलेश रानी द्वारा देहाती नालिसी थाना सानोधा के निरीक्षक आर.पी.दुबे को लेख करायी कि उसके पति तीन भाई थे उसके पति का निधन 20 वर्ष पहले हो चुका है दो देवर है जो अलग-अलग रहते है। सबसे छोटा देवर रामाधार तिवारी, आर्मी से रिटायर्ड हुआ है जिसका उसके मझले देवर राममिलन से पैत्रिक जमीन के बंटवारे पर से पिछले 01 वर्ष से विवाद चल रहा है इसी विवाद पर से आज दिनॉक 01.09.2023 को दोपहर 11 बजे जब वह अपने लड़के अजय के साथ घर के बाहर बैठी थी पास में मझला देवर राममिलन बैठा था तभी अभियुक्त रामाधार अपने भाई राममिलन को गंदी-गंदी गालियॉ देता हुआ आया , मझला देवर राममिलन उठकर जाने लगा तभी बल्लू विष्वकर्मा के मकान के पास पहुॅचने पर छोटे देवर रामाधार ने लाइसेंसी पिस्टल से जाने से मारने की नियत से गोली चलाई जो राममिलन की पीठ मे लगी और वह जमीन पर गिर गया तभी लड़का अजय बचाने पहुॅचा तो रामाधार ने जान से मारने की नियत से उसे भी गोली मार दी जो उसकी गर्दन के पास लगी , रामाधर की लड़की वर्षा ने बीच बचाव किया तो रामाधार ने उसे भी गोली मारी जो उसके पैर के पंजे में लगी , मौके पर देवरानी कौषल्या तिवारी एवं गॉव के लोग इकट्ठे हो गये तब अभियुक्त रामाधार अपनी कार से पिस्टल लेकर ढाना तरफ भाग गया । फरियादी के बताये अनुसार आरोपी रामाधार के विरूद्ध धारा- 302, 307 भादवि लेख की गई । घटना स्थल से बृजेन्द्र तिवारी मृत अवस्था में अपने पिता राममिलन तथा भाई अजय को लेकर लगभग 11:45 बजे सुबह बीएमसी सागर पहुॅचा , ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक द्वारा जॉच उपरांत दोनों को मृत घोषित कर उसकी सूचना कि मृत्यु गोली लगने से ग्राम लालेपुर में हुई है सूचना थाना गोपालगंज को दी । थाना गोपालगंज के उप-निरीक्षक षिरीष कुमार ने जिला चिकित्सालय पहुॅचकर दोनों मृतको की मृत्यु के संबंध में शून्य पर मर्ग इंटीमेषन पंजीबद्ध कर मौके पर शवपंचनामा कार्यवाही की गई । घटना ग्राम लालेपुर थाना सानौधा क्षेत्र की होने से थाना गोपालगंज द्वारा सूचना थाना सानौधा के निरीक्षक को दी । घायल वर्षा तिवारी को उपचार के लिये बीएमसी सागर लाया गया जहॉ आहत का उपचार किया गया । उक्त आधार पर आरोपी रामाधार के विरुद्ध थाना सानौधा में हत्या एवं हत्या के प्रयास के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया । घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गये, पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टर द्वारा घटना से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री सीलबंद कर संबंधित आरक्षक को सुपुर्द की गई । आरोपी को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की गई एवं पूछताछ के आधार पर आरोपी से घटना में प्रयुक्त आयुध जप्त किया गया, घटना स्थल से जप्त वस्तुओं को एफएसएल शाखा सागर भेजा गया । थाना-सानौधा द्वारा धारा 302, 307 भा.दं.सं., एवं धारा- 30 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत आरोपी रामाधार तिवारी के विरूद्ध विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा मामले में 27 अभियोजन साक्षियों को परीक्षित कराया गया एवं दस्तावेजों को प्रदर्षित एवं विचारण के दौरान जप्तसुदा सामग्री को भी आर्टिकल कराया गया व तर्क प्रस्तुत किये गये । अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत अपर-सत्र न्यायाधीष/विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) श्रीमान प्रषांत सक्सेना जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।



## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जा रही जनसुनवाई में विभिन्न वार्डों से आए नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । जनसुनवाई में सीता दुबे शिवाजी नगर, सोनेश पवांर काकागंज वार्ड, शिवेंद्र पांडेय एवं सुनीता एवं वार्डवासी भगतसिंह वार्ड, राकेश अहिरवार एवं वार्डवासी संत रविदास वार्ड, यशवंत चौधरी तिली वार्ड, नगर निगम मार्केट कटरा बाजार के सभी व्यापारी एवं राजकुमारी जैन सूबेदार वार्ड ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त एस एस बघेल, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### फसलों का सर्वे कराकर शीघ्र डलवाई जाये पीएम फसल बीमा राशि

**टीकमगढ़।** भारतीय किसान संघ ने जतारा नगर में जैविक जागरण रैली का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम जैविक किसानों का सम्मान किया गया। उसके बाद जतारा नगर में जैविक जागरण रैली निकालकर किसान संघ तहसील कार्यालय पहुंचा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय कृषि शिवराज सिंह चौहान व जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रधानमंत्री, केन्द्रीय कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा गया कि पिछले वर्षो की तुलना में इस वर्ष जिले में बहुत अधिक वर्षा हो चुकी है। जिससे किसानों ने जो बुबाई की थी वह फ़सल नष्ट हो गई है। जिले के किसान के सामने आगामी फसल को लेकर व पारिवारिक जीवन यापन के निर्वाहन की समस्या ख़डी हो गई है। भारतीय किसान संघ ने मांग करते हुए कहा कि फसलों का शीघ्र सर्वे कराकर 6-4 के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि डलवाई जाए व जिन किसानों का बीमा नही है उनको प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता व आपदा प्रबंधन के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसके साथ ही कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में कहा गया कि जिले का किसान राजस्व विभाग से सबसे अधिक परेशान है। जिले के हर गांव में सीमांकन के प्रकरण वर्षो से लंबित पड़े है। इनका समय पर निराकरण कराया जाए। सीमांकन व नामांतरण के प्रकरण में पटवारी या आरआई द्वारा अगर गलती की जाती है तो उसकी सजा किसान को न देकर पटवारी व आर आई पर ही कार्यवाही की जाए। जिले का जैविक हाट बाजार प्रदेश का दूसरा जैविक हाट बाजार है जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो, ताकि नागरिकों को रसायनमुक्त भोजन व किसानों को प्रोत्साहन मिले। जिले में जैविक खेती के लिए जैविक खाद की व्यवस्था व रकवा बढ़ाने पर जोर दिया जाए व जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। जिले के प्रत्येक किसान के खेत तक सिचाई की उचित की व्यवस्था की जाए। जिले में रोवर मशीन की संख्या बढ़ाई जाए। जिले की जो विद्युत केविल लाइनें टूटी हुई या नीचे लटक रही है उनको शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। महेंद्र सागर तालाब की नहर को अतिक्रमण मुक्त कर सिंचाई का रकवा बढ़ाया जाए। बान सुजारा बांध की पाइपलाइन जिन खेतों तक डाली गई है वहां पानी की सप्लाई भी की जाए। कलेक्ट्रेट, तहसील कार्यालय के अंदर सीसी टीवी कैमरों से बाबूओं व कर्मचारियों के कार्यो की निगरानी की जाए।

### बरसात का दौर थमते ही सीएमओ ने किया निरिक्षण

**टीकमगढ़।** शहर में लगातार हो रही बारिश का दौर थमने के बाद नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया अब शहर में स्वछता को लेकर पुनः सक्रिय हो गये है। जिसके चलते उन्होने शहर के वार्डो का निरिक्षण करना पुनः प्रारंभ कर दिया है। निरिक्षण के दौरान शहरवासियो व दुकानदारों से संबाद कर स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। सीएमओ भदौरिया ने शहर के विभिन्न बार्डो में जाकर भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने नपा प्रशासन को निर्देशित करते हुए नालियों को अतिक्रमणमुक्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान दुकानदारों को भी नालियों पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। शहर के वार्डों और नालियों की नियमित सफाई कराने के भी निर्देश दिए गये। नपा सीएमओ भदौरिया ने निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दूर करने के निर्देश नपा प्रशासन को दिए। साथ ही नगरवासियो से शहर की सफाई व्यवस्था को कायम रखने के लिए सहयोग करने की अपील की। नपा सीएमओ भदौरिया ने कहा कि नगर पालिका तो शहर को साफ रखने के लिए प्रयासरत है ही। लेकिन अगर इस प्रयास में शहरवासियो का भी योगदान शामिल हो जाए तो शहर की सफाई व्यवस्था को कायम रखने में आसानी होगी।

## राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में मिलेगा गोल्ड मेडल

# संपूर्ण देश में बल्देवगढ़ ने किया बेहतर प्रदर्शन, कलेक्टर होंगे आज सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत 3 माह तक संचालित किये गये संपूर्णता अभियान में जिले के बल्देवगढ़ ब्लॉक ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में संपूर्ण भारत में बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसके चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को भोपाल में 20 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जा रहा है। हालांकि इस दौरान जिले के पूर्व कलेक्टर अबधेश शर्मा भी साथ में सम्मानित किये जायेंगे।

### मुख्यमंत्री करेंगे गोल्ड मेडल देकर सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 20 अगस्त को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेशन सेंटर भोपाल में राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों के वर्तमान तथा तत्कालीन कलेक्टरों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा। जिसमें टीकमगढ़ जिले से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा तत्कालीन कलेक्टर अवधेश शर्मा को नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत सभी 6 संकेतक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने के फलस्वरूप संपूर्णता अभियान के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा।

### बल्देवगढ़ ने सभी 6 संकेतकों में किया देश में सबसे बेहतर प्रदर्शन

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन व मार्गदर्शन में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत ₹संपूर्णता अभियान₹ में जिले के बल्देवगढ़ ब्लॉक ने देश भर में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि के लिए, टीकमगढ़ के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को सम्मानित किया जा रहा है। बल्देवगढ़ ब्लॉक ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी 6 संकेतकों में बेहतर प्रदर्शन किया। इस अभियान में निर्धारित किये गये 6 संकेतको में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा से संबंधित सूचकांक शामिल थे।

### क्या है आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान

सम्पूर्णता अभियान नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया 3 महीने का राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में 6 प्रमुख सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में पूर्णता प्राप्त करना है। आकांक्षी जिले और ब्लॉक में उन्हें शामिल किया गया है, जो खराब सामाजिक व आर्थिक संकेतकों से प्रभावित जिले व ब्लॉक हैं। इनमे मुख्य मुख्य संकेतक स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी ढांचा को माना गया है। इस अभियान का उद्देश्य इन क्षेत्रों में विकास को गति देना और परिवर्तनकारी बदलाव लाना है। साथ ही इस अभियान का महत्व सतत विकास को बढ़ावा देना, जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना और आर्थिक विकास के अवसर पैदा करना है।

### प्रदेश के अन्य चुनिंदा कलेक्टर भी हो रहे सम्मानित

मध्य प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त सम्मान समारोह में बडवानी जिला कलेक्टर गुंचा सरोबर एवं तत्कालीन कलेक्टर डॉ. राहुल हरिदास फटिंग, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, खण्डवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता एबं तत्कालीन कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, निवाड़ी कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ एबं तत्कालीन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता एबं तत्कालीन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को भी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा।

## प्रोजेक्ट इंचार्ज ने लगाए गंभीर आरोप

# स्मार्ट मीटर से भयभीत पुलिस लाईन, बिजली कर्मियों को भगाया



**टीकमगढ़।** स्मार्ट मीटर को लेकर फैली आशंकित धारणा के चलते ज़ब पुलिस लाईन में निवासरत पुलिसकर्मियों ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों को स्मार्ट मीटर के साथ देखा तो बो भयभीत हो गये और स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे कर्मचारियों को मीटर बदले बिना धमकाकर भगा दिया। स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट प्रभारी से पुलिसकर्मियों ने कहा कि पहले हमारे बरिष्ठ पुलिस अधिकारियो से मीटर बदलने की अनुमति लेकर आओ। तब मीटर बदलने देंगे।

स्मार्ट मीटर को लेकर लोगो के मन में ये धारणा बनी हुई है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली का बिल ज्यादा आता है। जबकि बिजली बिभाग उक्त धारणा को सिर्फ अफवाह बताते हुए कहता है कि स्मार्ट मीटर से सिर्फ उतनी ही बिजली खपत होती है, जितनी बिजली का उपभोक्ता द्वारा उपयोग किया जाता है। लेकिन लोगो के घर कर चुकी धारणा को बदलने को लेकर बिजली बिभाग द्वारा कोई ठोस उपाय या प्रयास नहीं किये जा रहे। जिसकी बजह से बिजली कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में अब तक 24 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसी तारतम्य में बिजली कर्मचारी ज़ब मंगलबार के दिन पुलिस लाइन में स्थित सरकारी क्वार्टर्स में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे तो बहाँ निवासरत कुछ पुलिसकर्मियों ने उन्हें स्मार्ट मीटर लगाने से रोक दिया। स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट के क्लस्टर इंचार्ज कृष्णा गोस्वामी ने बताया कि पुलिस लाइन में स्थित करीब 250 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। जिनमे से अब तक मात्र 45 घरों में मीटर बदले जा चुके हैं। जबकि लगभग 205 घरों में अभी मीटर बदलने का कार्य होना बाकी है। प्रोजेक्ट इंचार्ज गोस्वामी ने बताया कि पुलिस लाईन के कई घरों में लगे हुए पुराने मीटरों की डिस्प्ले खराब है और ढक्कन गायब हैं। जिससे बिजली चोरी किये जाने की संभावना बनी हुई है।

प्रोजेक्ट इंचार्ज गोस्वामी ने बताया कि जब कर्मचारी मीटर बदलने पुलिस लाईन स्थित घरो में पहुंचे, तो पुलिसकर्मियों ने धमकाते हुए विरोध किया। तब उक्त घटना की जानकारी बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। बही दूसरी ओर ज़ब पुलिस लाईन आरआई कनक सिंह चौहान से उक्त संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सहित अधिकांश पुलिस अधिकारियों के घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। अब उक्त मामला सामने आने पर यह पता लगाया जायेगा कि स्मार्ट मीटर लगाने का किसके द्वारा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले में बिजली कर्मचारियों की मदद की जाएगी।

# शराब पीने से मना किया तो ससुराल पक्ष से मिला गिफ्ट किया आग के हवाले

**ससुर और पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने पर नाराज था युवक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र से एक अजब ही मामला सामने आया है। जहाँ एक युवक को ज़ब शराब पीने से मना किया गया तो उसने गुस्से में आकर अपनी बाइक को आग के हवाले कर दिया। यह घटना अमरपुर गांव के पास स्थित गोल ढाबे के निकट हुई। स्थानीय लोगों ने जलती हुई बाइक देखकर पुलिस को सूचना दी। लेकिन ज़ब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक बाईक पूर्णरूप से जल चुकी थी। ग्रामीणों और बड़ागांव पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि छतरपुर जिले के मलगुवां ग्राम निवासी महेंद्र लोधी अपनी ससुराल ग्राम डूडा में दधिखाना महोत्सव में शामिल होने के लिए आया था। वह शराब के नशे में था। जब उसके ससुर रतिराम लोधी और पत्नी सविता लोधी ने उसे शराब पीने से मना किया, तो उसने पहले तो घर में हंगामा किया और मारपीट की।इसके बाद महेंद्र अपनी बाइक लेकर अमरपुर की ओर चला गया। जहाँ टीकमगढ़-सागर मार्ग पर दोपहर के समय उसने अपनी बाइक में आग लगा दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त बाईक उसे शादी में ससुराल पक्ष से गिफ्ट की गई थी। बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं, तत्काल किया समाधान

# पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: एसपी मंडलोई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस बल में अनुशासन का होना सर्वोपरि होता है। क्योंकि अनुशासन से ही पुलिस बल के प्रयासों में निखार आता है। जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए मैं बैठा हूँ इसलिए आप लोग जनता की समस्याओ का समाधान निष्पक्षता, गंभीरता और निरंतरता से करें। उक्त निर्देश पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित मंगलवार जनसुनवाई के दौरान पुलिस बल को दिए। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने 19 अगस्त मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के पुलिस कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी निजी व सेवा से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना। खासतौर पर बीमारी, दुर्घटना या पारिवारिक कारणों से प्रभावित जवानों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी मंडलोई ने संबंधित शाखाओं को निर्देश देते हुए कहा कि बीमारियों सिक प्रकरण और अवकाश से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र और प्राथमिकता से समाधान किया जाए, ताकि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक रूप से परेशानी न हो और उन्हें समय पर राहत मिल सके।

### अनुशासन और नियमित परेड में उपस्थिति अनिवार्य

एसपी मंडलोई ने कड़क रुख अपनाते हुए सभी कर्मचारियों को साफ तौर पर कहा कि नियमित परेड में उपस्थित रहना अनिवार्य है। क्योंकि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि होता है जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर ऐसे मामलों में संबंधित कर्मचारियों के बिरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, शीघ्र लेखक रत्नेश तिवारी, और सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत कड़ा, गौरव सिंह घोष सहित अन्य अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना बम्हौरीकलां में क्षेत्र के लोगों से किया संवाद व पौधरोपण कार्यक्रम

# जनसंवाद से मिलती है पुलिस व जनता के बीच भरोसे को मजबूती: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ

जनता के साथ जनसंवाद करने से पुलिस और जनता के बीच कायम भरोसे की डोर को मजबूती मिलती है। उक्त बात पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने थाना बम्हौरीकलां में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कही। पुलिस विभाग में समाज के प्रति उत्तरदायित्व और जनसेवा को नई दिशा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा थाना बम्हौरीकलाँ में जनसंवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और पुलिस अधिकारियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने खुलकर अपनी समस्याएँ व सुझाव एसपी मंडलोई के साथ साझा किए। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने न केवल ध्यानपूर्वक उन्हें सुना बल्कि तत्काल समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

### जनसंवाद कार्यक्रम में एसपी ने दिए मुख्य संदेश

जनसंवाद के दौरान उपस्थित जनसमूह को एसपी मंडलोई ने प्रमुख संदेश देते हुए नशामुक्त समाज की अपील करते हुए कहा कि नशे से दूरी ही स्वस्थ जीवन की पहचान है। उन्होने साइबर अपराध से सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध कॉल, लिंक या संदेशों से सावधान रहने की बात कही। यातायात अनुशासन को लेकर नियमों का पालन करते हुए जीवन की सुरक्षा करने का संदेश दिया। महिला सुरक्षा व सम्मान को सभ्य समाज की असली पहचान बताया। जनभागीदारी से अपराध नियंत्रित करने के लिए पुलिस को सूचना देकर जन सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य बताया।



### हरियाली का संकल्प के तहत पौधारोपण कार्यक्रम



जनसंवाद के उपरांत थाना बम्हौरीकलां परिसर में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई, जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम सहित अन्य पुलिस अधिकारियों, पत्रकारों और नागरिकों ने मिलकर पौधे लगाए। इस अवसर पर एसपी मंडलोई ने कहा प्रकृति का संरक्षण सरकार का नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। ह्यएक व्यक्ति, एक पौधाह्न ही हमारे भविष्य की सच्ची पूँजी है। उक्त कार्यक्रम में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, थाना प्रभारी बम्हौरीकलाँ नीतू खटीक, पुलिस बल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## जवाबदेह पुलिस व्यवस्था हमारा संकल्पः एसपी मंडलोई



जनसंपर्क को मजबूत करने एबं पुलिस व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील व जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की पहल पर जिलेभर के पुलिस थानो व चौकियो में मंगलवार को जनसुनवाई शिविर आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित शिविर में एसपी मंडलोई तथा एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह ने स्वयं नागरिकों से आमने-सामने संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं शहरी नागरिकों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएँ सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देकर उनका समाधान किया गया। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन व व्यक्तिगत शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की गई। प्रत्येक आवेदन पर तथ्यपरक, निष्पक्ष व समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गये। अनुभाग स्तर टीकमगढ़ एवं जतारा एसडीओपी द्वारा प्रत्यक्ष जनसंपर्क किया गया। इस दौरान जनता से प्रत्यक्ष संवाद और त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। एसपी मंडलोई ने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि पुलिसिंग आमजन की अपेक्षाओं पर खरी उतरे। हर समस्या का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तात्कालिकता के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता एबं पुलिस के बीच विश्वास का सेतु और अधिक मजबूत बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे जनसुनवाई एवं संवाद शिविर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### एडीएम ने जनसुनवाई में 142 आवदेकों की सुनी फरियाद

# जनसुनवाई हो गई समाप्त, फिर भी कलेक्टर का इंतजार करती रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनसुनवाई में पहुंचने वाले लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के कारण कलेक्टर अर्पित वर्मा आम जनमानस के बीच कितने लोकप्रिय हो चुके हैं इसकी बानगी मंगलवार को तब देखने को मिली जब कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई में शीतला का सहराना से पहुंची दो दर्जन से अधिक आदिवासी महिलाएं अपने साथ लिखवाकर लाई आवेदन जनसुनवाई कर रहे एडीएम रूपेश उपाध्याय को देने के बजाए अपने पास रख कलेक्टर के आने का इंतजार करती रहीं। जनसुनवाई समाप्ति के बाद समझाने बुझाने पर उक्त आदिवासी महिलाओं ने आवेदन दिया। इस दौरान एडीएम रूपेश उपाध्याय ने 124 के आवेदन लेकर सुनवाई की।

कराहल विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बगवाज की बस्ती शीतला का सहराना में बिजली समस्या को लेकर आई आदिवासी महिलाओं ने जनसुनवाई में पंजीयन कराने के बाद भी अपना आवेदन नहीं दिया। दरअसल महिलाएं सुबह 11 ही कलेक्ट्रेट पहुंच गई थी और उन्होंने अपने आवेदन का पंजीयन भी कर लिया था लेकिन छुट्टी पर होने के चलते कलेक्टर अर्पित वर्मा जनसुनवाई करने नहीं पहुंचे और महिलाएं कलेक्टर का इंतजार बरामदे में बैठकर करती रहीं। इस दौरान उन्हें दफ्तरी ने बार-बार समझाने का प्रयास किया कि वह अपना आवेदन जनसुनवाई में एडीएम को दे दे लेकिन महिलाएं आवेदन एडीएम को देने के बजाए उस स्थान को लगातार निहारती रही जिस स्थान पर कलेक्टर की गाड़ी आकर खड़ी होती है लेकिन न तो गाड़ी आई न कलेक्टर, बताया गया है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा प्रशासनिक काम के चलते शहर से बाहर गए हुए थे जिसके चलते जनसुनवाई एडीएम रूपेश उपाध्याय ने की जब जनसुनवाई में भीड़ खत्म हो गई तब एडीएम ने अधीनस्थों से पूछा कि अब कोई बाहर तो नहीं रह गया, तब किसी ने उन्हें बताया कि कुछ आदिवासी महिलाएं आवेदन देने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा का इंतजार कर रही हैं। तब एडीएम ने उन्हें बुलाकर समझाया और उनकी समस्या सुनी महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में एक माह से डीपी फुंकी हुई पड़ी है लेकिन कोई बदल नहीं रहा है। एडीएम ने बिजली विभाग को सहरिया बस्ती में लाइट की समस्या को तत्व का बहाल करने के निर्देश दिए।



### बुजुर्गों को पेंशन बच्चों को स्पॉन्सरशिप

जनसुनवाई में पहुंचे बुजुर्ग मुन्नालाल निवासी पाण्डोली को वृद्धावस्था पेंशन देने के निर्देश एडीएम ने दिए वहीं शीला पत्नि स्व. महावीर बंजारा निवासी वार्ड 08 श्योपुर के बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिये गये। शीला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु के उपरांत 4 बच्चों के भरण पोषण में कठिनाई आ रही है। इस पर बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में शामिल कर लाभ देने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार बडौदा वार्ड क्रमांक 05 निवासी विधवा महिला विमला बाई के बच्चों को भी स्पोन्सरशिप योजना में लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### साहब! अधिकारी रुपए लेकर दे रहे अपात्र को नियुक्ति

जनसुनवाई में आदिवासी विकासखंड कराहल के सियावडी गांव से पहुंची महिला अंजलि पत्नी राजेश सहरिया ने बताया कि उसने गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर रिक्त पड़े सहायिका के पद पर ऑनलाइन आवेदन किया है वह अन्य अभ्यर्थियों के मुकाबले अधिक पात्रता रखती है, वह उक्त पद की हकदार भी है लेकिन जांच कर्ता अधिकारी ने छल कपट पूर्वक जारी की गई अनंतिम सूची में उसे स्थानीय निवासी नहीं होने का उल्लेख कर सूची से उसका नाम हटा दिया है। महिला ने बताया कि उसने ऑनलाइन फॉर्म भरा था जिसमें आज भी उसके द्वारा लगाया गया मूल निवासी प्रमाण पत्र देखा जा सकता है। महिला ने बताया कि इसी तरह विभाग के लोग पात्रों को अपात्र और अपात्रों को पात्र बता कर भर्ती में फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। इस फर्जी वाड़ा को रोका जाए। एडीएम रूपेश उपाध्याय ने इस मामले में निष्पक्ष जांच कर पत्र महिला को नियम अनुसार नियुक्ति देने के निर्देश सीडीपीओ नितिन मित्तल को दिए हैं।

### समूह संघ की प्रदेश व्यापी हड़ताल का जिले में दिखा व्यापक असर

# नहीं खुल पाए किचन शेड के ताले स्कूलों से भूखे ही लौटे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




विगत चार माह से भोजन बनाने की राशि नहीं मिलने से नाराज महिला स्व सहायता समूहों ने मंगलवार को स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत बनने वाला भोजन नहीं पकाया। ज्ञात हो कि भोजन पकाने की राशि नहीं मिलने पर प्रांतीय समूह संघ द्वारा पूरे प्रदेश में हड़ताल की कॉल दी गई है जिसके तहत श्योपुर जिले के सरकारी स्कूलों में भी भोजन पकाने खिलाने का काम नहीं किया गया।

प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने बताया कि मई माह से लेकर अभी तक समूह के खातों में राशि नहीं डाली गई है बार-बार आवेदन देकर अनुरोध किए जाने के बाद भी सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगी है। समूह से जुड़ी महिलाओं को बाजार से उधार सामान मिलना भी बंद हो गया है। समूह कर्जदार हो गए हैं, मजबूरी में प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओम प्रकाश बघेल द्वारा प्रदेश व्यापी हड़ताल की घोषणा की गई है यह हड़ताल मंगलवार से शुरू होकर अनिश्चितकालीन चलेगी अब स्कूलों में भोजन तभी बनाया जाएगा जब समूह के खातों में राशि डाली जाएगी। मंगलवार होने के चलते स्कूलों में खीर पूरी बनाई जानी थी जिसका इंतजार बच्चे छुट्टी होने तक करते रहे स्कूलों में भोजन बनाने के लिए रसोईया तो पहुंची थी लेकिन समूह द्वारा सामग्री नहीं भेजे जाने से वह भोजन नहीं बना सकी।

# मारपीट करने वाले दो आरोपियों को छह-छह माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दो साल पुराने मारपीट के एक मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को छह छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। साथही एक एक हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। यह मामला शहर श्योपुर का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि अनसूचित जाति वर्ग का फरियादी युवक गत 27 जुलाई 2023 को शाम के वक्त जब शिवपुरी रोड स्थित एक चाय की दुकान पर चाय पी रहा था,तभी वहां आरोपी अनवर उर्फ अनवर पटरी पुत्र जफर अली निवासी गिरधरपुर हाल कच्ची बस्ती श्योपुर तथा रवि उर्फ खंडी पुत्र रामअवतार जाटव निवासी हिंदू धर्मशाला के पीछे श्योपुर आ गए,जहां उन्होने सिगरेट पीने के लिए पैसे मांगे और एक पुराने मामले में राजीनामा करने के लिए कहा। यह दोनो काम नहीं करने पर दोनो आरोपियों ने मिलकर जातीय अपमान करते हुए फरियादी युवक की डंडे से मारपीट कर दी,जिससे वह जख्मी हो गया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत अजाक थाने में दर्ज कराई।

अजाक थाना पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में पेश किया। विचारण के दौरान विशेष न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए छह छह माह का सश्रम कारावास और एक एक हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी।

# श्योपुर के टूटे पड़े तालाबों की होगी मरम्मत सिंधिया ने जल संसाधन मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चार साल पहले वर्ष 2021 में आई बाढ़ में टूटे श्योपुर जिले के श्रीजीकी गांवडी और गोहेडा सहित अन्य गांवों के तालाबों की मरम्मत के लिए अब सरकार से जल्द ही राशि स्वीकृत हो जाएगी। यह उम्मीद इसलिए बंधी है, क्योंकि इस संबंध में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मप्र के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को एक पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने यह पत्र पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान की मांग पर लिखा है।

बता दे कि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं श्योपुर के पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने विगत दिनों केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाक़ात कर उन्हें अवगत कराया था कि वर्ष 2021 में आई बाढ़ के कारण ग्राम श्रीजी की गाँवडी, ग्राम गोहेड़ा एवं अन्य गाँवों के तालाब टूट गये थे। चार साल होने के बाद भी इन तालाबो की मरम्मत जल संसाधन विभाग द्वारा नहीं करवायी गई है जिसके कारण हर साल बारिश का पानी गांवों में भर जाता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को इन सभी तालाबो की मरम्मत कार्य स्वीकृत करने के लिए पत्र लिखा है।

### अस्पताल प्रबंधन बोला मेटरनिटी वार्ड में भर्ती के दौरान प्रसव होना सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया

# जिस प्रसूता को दी ऑपरेशन की सलाह, उसका शौचालय में हुआ प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार को जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में एक प्रसूता को जिला अस्पताल के शौचालय के भीतर प्रसव हो जाने से जुड़ी पोस्ट सोशल मीडिया पर दिनभर वायरल होती रही। इस मामले में जहां परिजन अस्पताल प्रबंधन पर महिला का प्रसव ऑपरेशन के माध्यम से कराने की बात बोल कर उन्हें डराने जैसे गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने इस तरह मेटरनिटी वार्ड में प्रसव होना आम बात बता कर वायरल खबर का खंडन कर दिया है।


जानकारी के अनुसार संतरा पत्नी मेघराज को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौदा में र्ती कराया गया था जहां से डॉक्टर ने उसे यह कहते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया कि प्रसव सामान्य नहीं है, ऑपरेशन करना पड़ेगा। इसके बाद परिजनों द्वारा प्रसूता को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करा दिया, जहां भी उससे ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी होने की बात कहते हुए उसके ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी, इसी बीच प्रसूता जब टॉयलेट करने मेटरनिटी में बने शौचालय में गई जहां उसका प्रसव हो गया महिला द्वारा चीखने चिल्लाने पर परिवार की महिलाओं ने शौचालय में से जच्चा और बच्चा को उठाकर बेड पर लेकर आए। इस प्रकार शौचालय के भीतर प्रसव की सूचना मिलने पर अस्पताल के बाहर खड़े परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया जिसकी जानकारी वहां मौजूद लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। हालांकि अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक मेटरनिटी वार्ड में इस तरह प्रसव होना आम बात है पर ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव की सलाह किस डॉक्टर ने दी क्या इसी तरह अन्य प्रसुताओं का ऑपरेशन भी बिना जरूरत के किया जा रहा है।

### अस्पताल प्रबंधन ने यह दी सफाई

सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि भर्ती करते समय महिला को 34 से 35 सप्ताह का गर्भ था तथा महिला का यह तीसरा प्रसव था। चिकित्सालय में परीक्षण के दौरान प्रसूता की रिपोर्ट में एमएसएल पाया गया तथा एएफआई 4 से 5 सेमी. पाया गया जो कि बच्चे को प्रसव के दौरान खतरे की स्थिति दर्शाता है। चिकित्सकीय प्रोटोकॉल अनुसार ऑपरेशन दौरान डिलेवरी किए जाना बच्चे की सेहत के लिए आवश्यक होता है। उक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत चिकित्सकों द्वारा परिजनों को समस्त स्थिति समझाते हुए ऑपरेशन द्वारा डिलेवरी की सलाह दी थी। जिसकी नकारात्मक सहमति परिजनों द्वारा दी गई थी। ऑपरेशन नहीं करते हुए नॉर्मल डिलीवरी हेतु महिला को वार्ड में ही निरीक्षण में रखा गया। भर्ती की अवधि के दौरान प्रसूता का सतत परीक्षण किया जाता रहा। गत 17 एवं 18 अगस्त की मध्य रात्रि लगभग 12 बजे प्रसूता वार्ड में मौजूद पलंग के पास स्थित वाशरूम की तरफ जा रही थी तभी अचानक महिला को प्रसव हुआ। उसी कक्ष में मौजूद नर्सिंग ऑफिसर द्वारा तत्काल महिला को अटेंड किया तथा प्रसव पूर्ण कराया। महिला ने फीमेल बेवी को जन्म दिया जिसका वजन 2.1 किलो है। बच्चे को एसएनसीयू में भर्ती करा दिया गया था। अब मां और बच्चा दोनों स्वस्थ्य है। भर्ती के दौरान प्रसूता एवं बच्चे को चिकित्सको एवं नर्सिंग ऑफिसर द्वारा सम्पूर्ण चिकित्सा सुविधा एवं सतत निगरानी उपलब्ध कराई गई है।

# छूट गया बेसहारा बुजुर्गों का सहारा नहीं रहे समाजसेवी बाबूजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



प्रेरणा वृद्ध आश्रम के माध्यम से निराश्रित बुजुर्गों का सहारा बने समाजसेवी बाल मुकंद शर्मा (बाबूजी) का मंगलवार को निधन हो गया। शतायु मुकंद शर्मा जिनकी बाबू जी के नाम से पहचान अपर कलेक्टर के रीडर होने के चलते बनी। शुरू से समाजसेवी भाव के चलते उन्होंने सेवानिवृत होने के बाद उन बुजुर्गों की चिंता की जो अपने परिवार होते हुए भी ठुकरा दिए जाते थे ऐसे निराश्रित बुजुर्गों को सम्मानजनक आश्रय देने के लिए उन्होंने प्रेरणा नाम से वृद्ध आश्रम खोला करीब तीन दशक से इस पुनीत कार्य को करने के दौरान वह जहां सैकड़ो बुजुर्गों का सहारा बने वहीं अनेकों ऐसे बुजुर्गों का अंतिम संस्कार भी वह उनका बेटा बनकर कर चुके थे जिनके बेटे आश्रम में मौत होने पर उनके शव लेने नहीं पहुंचे। निराश्रित बुजुर्गों के पुत्र बने बाबूजी के निधन से सबसे अधिक दुख उनके द्वारा स्थापित किए गए वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को हुआ जो जिन्होंने शायद आज खुद को दोबारा से निराश्रित समझा। प्रातः 10 बजे मां कलावती देवी स्मृति बाटिका ग्राम तलावदा जागीर पर अंतिम संस्कार किया गया।

### युवा संगम का आयोजन आवदा में 22 को

श्योपुर। शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम का आयोजन 22 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवदा में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी आशीष कुमार जैन ने बताया कि युवा संगम के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कंपनियों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपेरटर, हेल्पर, सेल्समैंन, आफिस वर्कर के पदो सहित बीमा मार्केटिंग, एग्रीकल्चर सेक्टर में विभिन्न पदो पर प्लेसमेंट किया जाएगा।

### युवा कांग्रेस ने किया अनोखा आंदोलन, केनाल रोड पर हुआ प्रदर्शन

# कांग्रेसियों ने सड़क पर पानी से भरे गड्ढों में धान लगाकर की गांधीगिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिला मुख्यालय से ग्राम नागदा तक पहुंच मार्ग केनाल रोड पर मंगलवार को कांग्रेसियों ने पानी से भरे गड्ढों में धान की पौध लगाकर गांधीगिरी की और सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। यह विरोध प्रदर्शन युवा कांग्रेस की श्योपुर जिला इकाई की अगुवाई में किया गया।

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेसियों ने सलापुरा नहर पुल से नागदा की ओर जाने वाली सड़क में हो रहे बड़े-बड़े गड्ढे जिनमें बारिश का पानी भरा था में धान की पौध लगाने के साथ-साथ गड्ढों में मुख्यमंत्री की फोटो भी लगाई। कांग्रेसियों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। यह सड़क खेती किसानी के लिहाज से अति महत्वपूर्ण है कृषि उपज मंडी में जाने के लिए यह मुख्य रास्ता है गड्ढों के कारण कई बार फसल से भरी ट्रालियों सहित कई ऑटो और दूसरे वाहन पलट कर नहर में भी गिर चुके हैं। जनहानि का अंदेशा हमेशा बना रहता है लेकिन प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। जिला अध्यक्ष मीणा ने कहा कि केनाल रोड पर श्योपुर सलापुरा से नागदा और ढोटी प्रेमसर तथा आगे तक जहां सड़क का पक्कीकरण नहीं हुआ है तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनाई जाए।

### श्योपुर और विजयपुर ब्लॉक के स्कूलों में बच्चों को बांटने के लिए पहुंची साइकिलें

# कब मिलेंगी साइकिल, कराहल ब्लॉक के सरकारी स्कूलों के बच्चे कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पांचवीं कक्षा पास करने के बाद कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने वाले उन छात्र छात्राओं को सरकार साइकिल प्रदान करती है, जिन बच्चों को पढ़ने के लिए दूसरे गांव के सरकारी स्कूल में जाना पड़ता है। ताकि बच्चों को स्कूल पढ़ने जाने में किसी तरह की कोई सुविधा न उठानी पड़ी। इसी क्रम में श्योपुर और विजयपुर ब्लॉक के सरकारी मिडिल स्कूलों में इस साल कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को साइकिले बांटे जाने के लिए पहुंच गई है और कई स्कूलों में तो बच्चों को साइकिलों का वितरण भी शुरू कर दिया है। लेकिन जिले के कराहल ब्लॉक में बच्चों को वितरण करने के लिए फिलहाल साइकिले नहीं पहुंच पाई है। जिसकारण कराहल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सरकारी मिडिल स्कूलो में पढने के लिए दूसरे गांव से पहुंचने वाले छात्र छात्राएं साइकिलों का इंतजार कर रहा है।

साइकिल न मिलने के कारण स्कूल पहुंचने में असुविधा उठा रहे छात्र छात्राओं का कहना है कि आखिर हमे साइकिलों का वितरण कब किया जाएगा। यहां बताना होगा कि जिले के सरकारी माध्यमिक स्कूलों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने वाले दूसरे गांव के छात्र छात्राओं को साइकिले वितरण करने का जिम्मा जिला शिक्षा केन्द्र के पास रहता है। जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों की माने तो इस साल कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने वाले 3 हजार विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण किया जाना है। इनमें 1578 छात्र और 1422 छात्राएं शामिल है। इन छात्र छात्राओं को चरण बद्ध तरीके से साइकिल बांटने के लिए सरकार साइकिलों की उपलब्धता कराई जाएगी। बताया गया है कि पहले चरण के तहत आने वाले साइकिले पात्र छात्र छात्राओं को बांटे जाने के बाद सरकार के द्वारा जिला शिक्षा केन्द्र की डिमांड के बाद दूसरे चरण में बांटने के लिए साइकिलों की उपलब्धता कराई जाएगी।



### कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी मिलेगी साइकिले

कक्षा 6 वीं नहीं अपितु दूसरे गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा नौंवी में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को भी साइकिले बांटी जाती है। इस साल जिले में कक्षा 9 वीं के ढाई हजार से अधिक छात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया जाएगा। श्योपुर और विजयपुर ब्लॉक में 950 साइकिलों का वितरण हो चुका है। जबकि कराहल ब्लॉक में अभी एक भी विद्यार्थी को साइकिले नहीं मिल पाई है। डीईओ एलएल गर्ग ने बताया कि बुधवार से कराहल में भी साइकिलों का वितरण शुरू हो जाएगा।

### इस बार स्कूल स्तर से होगा साइकिलों का वितरण

जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों की माने तो पहले साइकिलों का वितरण बीआरसी कार्यालय स्तर से किया जाता था, लेकिन इस साल से साइकिलों का वितरण स्कूल स्तर से कराया जाएगा। श्योपुर और विजयपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मिडिल स्कूलो में पात्र छात्र छात्राओं को साइकिले बांटने का सिलसिला शुरू हो गया है। बताया गया है कि इस साल श्योपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूलों में पढने वाले कक्षा 6 वीं के कुल 1065 छात्र छात्राओं को साइकिले बांटी जाएगी। जिनमें 533 छात्र और 532 छात्राएं शामिल है। जबकि विजयपुर ब्लॉक में 775 छात्र और 690 छात्राओं सहित कुल 1465 साइकिले तथा कराहल ब्लॉक में 270 छात्र और 200 छात्राओं सहित कुल 470 साइकिलों का वितरण किया जाएगा। श्योपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के बच्चों को साइकिलों का वितरण करने के लिए मंगलवार को साइकिले जिला मुख्यालय से स्कूलों के लिए भेजी गई। कई स्कूल प्रबंधन ने प्रथम चरण के तहत आई साइकिलों को अपने अपने स्कूलों में ले जाकर उन्हें बच्चो को बांटना भी शुरू कर दिया है। उधर विजयपुर के स्कूलो में प्रथम चरण के तहत मिली 753 साइकिलों का वितरण भी शुरू कर दिया है।

### मिलेंगी साइकिलें

इस साल कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने वाले दूसरे गांव के 3 हजार छात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया जाएगा। श्योपुर और विजयपुर ब्लॉक में साइकिले बांटने के लिए पहुंचा दी गई है। कराहल ब्लॉक में भी बच्चों को बांटने के लिए जल्द ही साइकिलों की उपलब्धता हो जाएगी। इसके लिए कार्रवाई की जा रही है।

**डॉ पीएस गोयल**
**डीपीसी श्योपुर**

# पानी निकासी की बात पर महिला को पीटा, पिता पुत्र समेत तीन पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर की शिवनगर कॉलोनी में मकान का पानी निकलने की बात को लेकर बीती शाम को विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक महिला की नामजद पिता पुत्र समेत तीन लोगों ने मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि शिवनगर कॉलोनी निवासी महिला रूकमणी बाई 43 वर्ष पत्नी लोकेन्द्र जांगिड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार की शाम को मकान का पानी निकालने की बात को लेकर उसके मकान के पीछे रहने वाले नरेन्द्र जागा तथा उसके दो लडको राहुल और देवेन्द्र घर में घुस आए और गाली गलौच करते हुए मेरी डंडे से मारपीट कर दी। इस मामले में तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### इधर दोस्त के बेटे ने ईट मार फोड दिया सिर

शहर में चूडी मार्केट मंदिर के पास सोमवार की रात करीब आठ बजे एक युवक का उसके दोस्त के बेटे ने ईट मारकर सिर फोड दिया। इससे शफीक कुरेंशी निवासी गफ्फार निवासी छारबाग घायल हो गया। शफीक कुरेंशी ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि आरिफ उसका दोस्त है और मैने चूडी मार्केट के पास मिले उसके बडे बेटे से सिर्फ यही पूछा था कि तुम्हारा बाप कहां है,उसने कहा कि क्यो पूछा रहे हो,तब मैने कहा कि हम दोनो बैठकर शराब पीएंगे। इतना कहते ही आरिफ के बडे बेटे ने गाली गलौच करते हुए मेरे सिर में ईट उठाकर मार दी। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

खबर संक्षेप



## किसानों को अनुदान एवं यूनिट स्थापित करने की दी जानकारी

**बीना।** ग्राम सरगोली में संस्था समन्वय मंडपम के तत्वाधान में उद्यानिकी को लेकर एक बैठक आयोजित की। जिसमें उद्यानिकी विस्तार अधिकारी राघव ने किसानों को शासन की लाभकारी उद्यानिकी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में किसानों को अनुदान एवं यूनिट स्थापित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन किया। लाइट ट्रेप, पाइप एवं ड्रिप पर अनुदान, फेंसिंग पर अनुदान, फल विस्तार एवं सब्जी विस्तार जैसी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। बैठक में आसपास के ग्रामों से कृषक सम्मिलित हुए और योजनाओं के बारे में जानकारी मिलने की पश्चात किसानों ने योजना के बारे में खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में संस्था समन्वय मंडपम सचिव सत्यजीत सिंह ठाकुर ने बताया की हमें स्थानीय उत्पाद देसी और परम्परागत का नवीन तकनीक से समन्वय बिठाते हुए कृषि में उत्पादों का मूलीवर्धन करना चाहिए, वहीं सरकारों को स्थानीय उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराने में सहयोग करना चाहिए। संस्था समन्वय मंडपम कृषकों की आय बढ़ाने बहुयामी कार्य कर रही है। जो भी किसान कृषि उद्यानिकी एवं पशुपालन में नवाचार करना चाहते हों वे संस्था के कृषक उपत्पादक संगठक समूह उज्ज्वल भविष्य के साथ जुड़ कर अपनी आय बड़ा सकते हैं। संस्था विकासखंड के समस्त पंचायतों में मप्र जनअभियान परिषद् के सहयोग से जागरूकता के कार्यक्रम चला रही है। उक्त कार्यक्रम में ढिमरोली पंचायत सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह ठाकुर, संस्था समन्वय मंडपम समन्वयक धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार, नीरज, केशव सिंह, अभिषेक सिंह, सुरेश विश्वकर्मा और अन्य कृषक सम्मिलित हुए।

## पितृपक्ष पर रानी कमलापति से गया के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बीना।** पितृपक्ष पर गया जी में पिंडदान एवं तर्पण के लिए बड़ी संख्या में जाने वाले यात्रियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रेलवे रानी कमलापतिझगयाझरानी कमलापति के मध्य स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुयार ट्रेन नंबर 01661 रानी कमलापतिझगया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन 7 सितंबर, 12 सितंबर एवं 17 सितंबर को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 1:20 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन सुबह 9:30 गया पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 01662 गया रानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन 10 सितंबर, 15 सितंबर एवं 20 सितंबर को गया स्टेशन से दोपहर 2:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन पूर्वान्ह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। दोनों ओर स्पेशल ट्रेन भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर ठहरेगी।

### जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में 2 की मौत, ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत

# पूर्व विधायक के यहां चल रहे निर्माण कार्य के दौरान दो मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में सोमवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जिसमें पहली घटना ट्रेक्टर-ट्राली पलटने से वाहन चला रहे चालक की दबने से मौत हो गई। दूसरी घटना पूर्व विधायक चंदेरी के यहां हुई जहां चल रहे निर्माण कार्य के दौरान 2 मंजिला मकान से नीचे गिरने से मजदूर की मौत हो गई।





### चंदेरी में पूर्व विधायक के यहां मकान के ऊपर से गिरने से मजदूर की मौत

चंदेरी नगर में सोमवार की सुबह एक दुखद हादसे में 33 वर्षीय मजदूर गजराम पुत्र रामचरण अहिरवार की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। यह हादसा नया बस स्टैंड, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी शोरूम के पास पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान की दुकानों और फ्लैट के निर्माण स्थल पर हुआ। गजराम, जो रामनगर का निवासी था, पिछले तीन-चार सालों से ठेकेदार हरिओम अहिरवार के साथ मजदूरी का काम कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शी नेतराम अहिरवार ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे वे दूसरी मंजिल पर शटरिंग का काम कर रहे थे। गजराम शटरिंग खोल रहा था, जबकि नेतराम पिलर को पकड़े हुए था। अचानक गजराम टमी सहित नीचे गिर गया। सहकर्मियों ने तुरंत उसे सिविल अस्पताल चंदेरी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी परिवार का हाल हादसे की खबर सुनते ही गजराम के परिजन सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। गजराम के दो लड़के और एक लड़की है जो छोटे छोटे हैं, और इस हादसे ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों का कहना है कि गजराम परिवार का एकमात्र कमाने वाला था, और उनकी मौत ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक रूप से तोड़ दिया है।

### पूर्व विधायक का निर्माण कार्य

फ्लैट दुकान का निर्माण कार्य पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान की दुकानों और मकान के लिए चल रहा था,जिसका ठेका नई बस्ती निवासी हरिओम अहिरवार को दिया गया था। गजराम इस ठेकेदार के साथ लंबे समय से काम कर रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि चंदेरी में निर्माण कार्य के दौरान यह दूसरी घटना है। कुछ समय पहले भी एक युवक को शटरिंग के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था।

### सुरक्षा पर सवाल इस हादसे से

निर्माण स्थलों पर सुरक्षा उपायों की कमी को फिर से उजागर किया है। स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का कहना है कि ठेकेदारों को निर्माण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिए, ताकि हादसों की सटीक जानकारी मिल सके और जिम्मेदारी तय की जा सके। अक्सर ऐसी घटनाओं के बाद ठेकेदार और मालिक एक-दूसरे पर दोष मढ़ते हैं, जिससे पीड़ति परिवार को न्याय और मुआवजा मिलने में देरी होती है।

## भसूआ से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चालक की नीचे दबकर मौत

देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ईसागढ़ रोड स्थित युवराज ढाबा के पास सोमवार को भसूआ से भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली पलट गए, जिसके कारण ट्रैक्टर के चालक की नीचे दबने से मौत हो गई। मृतक का नाम रामकृष्ण रघुवंशी पिता नरेंद्र सिंह रघुवंशी उम्र 45 वर्ष निवासी पिपरेसरा है। मृतक सुबह के समय अपने घर से अशोकनगर भसूआ लेने के लिए आया हुआ था, यहां से भसूआ लेकर वापस जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली पलटी खाकर सड़क से नीचे खेत में गिर गए। चालक नीचे दब गया था जिसे स्थानीय लोगों ने खींच कर बाहर निकाल। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची, गंभीर अवस्था में रामकृष्ण को जिला अस्पताल ले गये, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।



# जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गतग्राम सेजी निवासी धनकुमार आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो अज्ञात आरोपियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगेश्री निवासी विशाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल अहिरवार ने उससे मारपीट की और बीयर की बोतल उसके सिर पर मार दी।



जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूहाना निवासी मनोहर गोस्वामी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजभान यादव, भानाबाई यादव, अभिषेक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरीताल निवासी आर्दश रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशु रघुवंशी, अजय रघुवंशी, सुमित यादव, आदित्य सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाबा की बावड़ी निवासी शंकर आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी निकिल बाल्मीक और कल्ला अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महिद्पुर निवासी अरविंद जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलम,मोनू,सोनू सरवन बसोर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिमला निवासी राकेश वाई गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दलभान, बिरमाबाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से बिरमा बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राकेश बाई एवं मनीषा बाई ने उससे मारपीट की और जानसे मारने की धमकी दी।

जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सर्करा निवासी कल्ला केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बबलू केवट और करण केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरी निवासी राहुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमित लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# गोराटीला पंचायत में पौधरोपण के नाम पर 14.96 लाख रुपए का घोटाला हुआ उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।

स्वच्छता अभियान मिशन और हरियाली को लेकर मध्यप्रदेश शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को लाखों की राशि प्रदान की जा रही है। ताकि ग्रामीण अंचल में शहरी तर्ज पर हरियाली देखने को मिले और स्वच्छ वातावरण में ग्रामीण अपना जीवन.यापन कर सकें। किंतु अधिकतर ग्राम पंचायतों में व्रक्षारोपण की राशि को सरपंचए सचिव और सहायक सचिवों द्वारा मिलकर कागजों में ही हजम किया जा रहा है। व्रक्षारोपण वाले चिन्हित स्थानों पर व्रक्षों की जगह खाली मैदान पडे हुए हैं। यही आलम कोलारस जनपद विभाग की ग्राम पंचायत गोराटीला का है। यहां गोशाला के पास व्रक्षारोपण निर्माण के लिए वर्ष २०२*.२४ में १४०९६ लाख की राशि स्वीक्रत की गई थी। किंतु ग्राम वासियों के हितों को ध्यान में न रखते हुए व्रक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पंचायत अमले ने गंभीरता से नहीं लिया और इतनी बडी राशि को महज कागजों में व्रक्ष लगाकर हजम कर लिया गया। यहां गौर करने वाली बात तो ये है कि जनपद विभाग के उपयंत्री ने मौका स्थल पर पहुंचे बिना ही इतने बडे व्रक्षारोपण के कार्य का कैसे झूठा मूल्यांकन कर दियाए ये गंभीर जांच का विषय है। उल्लेखनीय है कि धरती पर हरियाली बनाए रखने के लिए नगरीय तर्ज पर ग्राम पंचायतों को भी हरा.भरा बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन प्रयासरत है। ताकि ग्राम पंचायतों की सूरत बदल सके और आगे आने वाली पीढी को स्वच्छ वातावरण मुहैया कराया जा सके। किंतु धन के लालच में सरपंचए सचिव व सहायक सचिव मानव जाति के भविष्य से खिलवाड कर रहे हैं। जिसके चलते समय.समय पर ग्रामीण अंचलों में संक्रामक रोग पूरी दम से पैर पसार रहे हैं। ग्राम पंचायत गोराटीला में यदि १४०९६ लाख की राशि से व्रक्षारोपण का कार्य किया जाता तो एक साल में गोशाला के पास हजारों व्रक्ष तैयार हो जाते। जिसकी स्वच्छ हवा से ग्राम वासियों को खासा स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होता। किंतु ऐसा नहीं हो सकाए जो बडे ही खेद का विषय है। उक्त ग्राम पंचायत में व्रक्षारोपण के नाम पर आई हुई राशि को जब मातहतों द्वारा हजम कर लिया गया तो यहां निर्माण कार्यों की हालत क्या होगीए इसका भली प्रकार से अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्राम पंचायत गोराटीला में कहीं व्रक्षारोपण की जगह पुलिया निर्माणए खेत तालाबए खेल मैदानए सीसी सडकए नाली निर्माण जैसे निर्माण कार्य भी कहीं कागजों तक ही तो सीमित नहीं रह गएए ये जांच का विषय है।

**गोशाला के पास किया जाना था पौधरोपण, सरपंच, सचिव ने कागजों में कर दिया रोपण, धरातल पर नजर आ रहा है खाली मैदान**

### इनका कहना है

मैनें हालही में ग्राम पंचायत गोराटीला का पदभार ग्रहण किया है। यदि वृक्षारोपण और अन्य विकास कार्यों की राशि में घोटाला किया गया है तो भौतिक जांच कर वसूली की कार्रवाई संस्थित कराउंगा।

**हेमंत पुरी,** उपयंत्री

### अफसरों के निरीक्षण की खुली पोल

ग्राम पंचायत गोराटीला में सरपंच, सचिव व सहायक सचिव नियम विरूद्ध तरीके से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कर रहे हैं और व्रक्षारोपण का पैसा तो पूरा ही कागजों में स्वाहा कर दिया गया है। शासकीय धनराशि के इस दुरूपयोग को रोकने की पूरी जिम्मेदारी जनपद विभाग स्तर के उपयंत्री और अन्य निरीक्षक अमले की रहती है। जिस तरह से ग्राम पंचायत गोराटीला में ग्राम पंचायत विकास की राशि का घोटाला किया जा रहा है। उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सब इंजिनियर सहित अन्य निरीक्षक अमले ने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व सहायक सचिव से असंगठित गठजोड कर लाखों के वित्तीय घोटाले को अंजाम देने में पूरी भूमिका अदा की है। उक्त ग्राम पंचायत में जनपद विभाग के अफ सरों के निरीक्षण के पदचिन्ह कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन कागजों में पूरी खानापूर्ति बखूभी की गई है। जिसके चलते ग्राम पंचायत गोराटीला आज भी विकास से कोसों दूर है।

# संस्कृत भाषा हमारी सांस्कृतिक विरासतः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व संस्कृत दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने माँ सरस्वती की पूजन से किया। प्राचार्य ने कहा संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति साहित्य और ज्ञान का आधार है। संस्कृत भाषा हमारी सांस्कृतिक विरासत है। डॉ रश्मि जैन कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी ने कहा संस्कृत भाषा का गौरवशाली इतिहास है। संस्कृत भाषा को संरक्षित करना और नई पीढ़ी को संस्कृत भाषा से जोड़ना हमारा महत्वपूर्ण दायित्व है।

इस अवसर पर संस्कृत सुभाषित श्लोक सुनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने रामायण, महाभारत, श्रीमद् भगवत गीता एवं नीति परक श्लोकों का सुंदर शुद्ध सस्वर वाचन किया। जिसमें वेदिका पाठक प्रथम स्थान, दीक्षा तिवारी द्वितीय एवं मुस्कान कुशवाहा एवं प्रियंका वंसल तृतीय स्थान पर रही। प्रोत्साहन पुरस्कार सुनैना रजक, खुशबु लोधी, राधा कुशवाहा, गरिमा लोधी एवं अंजलि विश्वकर्मा रही। कार्यक्रम का संचालन आरती ठाकुर अतिथि विद्वान वाणिज्य संकाय ने किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ आशीष गुप्ता समाज शास्त्र ने आभार व्यक्त किया।




# कोलारस में बजरंग दल की रैली एसडीएम को ज्ञापन देकर की मांग

**कोलारस।** कोलारस नगर में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में रैली निकाली गई। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। जहां कार्यकर्ताओं ने गोवंश की सुरक्षा और खुले में मांसदृअंडा बिक्री रोकने को लेकर एसडीएम अनूप श्रीवास्तव को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। पहले ज्ञापन में कहा गया कि कोलारस क्षेत्र में आवारा गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। अनुदान लेने वाली गौशालाओं की स्थिति की जांच की जाए और जो गौशालाए, संचालित नहीं हैं, उनके लिए स्थानीय स्तर पर नई योजना बनाई जाए। साथ ही प्रशासनिक टीम गठित कर नियमित निरीक्षण और पशु चिकित्सालयों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि सात दिन में कार्रवाई नहीं होने पर सर्व हिंदू समाज आंदोलन करेगा। बताया गया कि पिछले दो माह में क्षेत्र में सड़क हादसों में दो दर्जन से अधिक गौवंश की मौत हो चुकी है। दूसरे ज्ञापन में बदरवास, लुकवासा और कोलारस में खुलेआम बिक रहे मीट और अंडों का विरोध किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। आगामी गणेश उत्सव को देखते हुए मुख्य बाजार और सड़कों से मीट व अंडे की बिक्री बंद करने की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर बजरंग दल उग्र आंदोलन करेगा। बैकुंठ धाम आश्रम के राजेश महाराज ने बताया कि एसडीएम अनूप श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा गया है। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि पांच दिन के भीतर खुले में मीट और अंडे की दुकानें गाइड लाइन के अनुसार शिफ्ट कराई जाएंगी।



### सिंधी पंचायत कार्यकारिणी 2025 के चुनाव संपन्न

# 482 वोट पाकर संतोष चुने गए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सिंधी पंचायत कार्यकारिणी 2025 के चुनाव सोमवार को सिंधी धर्मशाला में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। जिसमें संतोष कुमार वाधवानी अध्यक्ष चुने गए। साथ ही 15 सदस्यों को भी चुना गया। चुनाव में समाज के पुरुष वर्ग ने चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। चुनाव प्रभारी मुकेश रोहरा, अनिल धामेजा एवं मूलचंद लेखवानी के रूप में मौजूद रहे। जानकारी अनुसार सोमवार को सिंधी पंचायत कार्यकारिणी 2025 के लिए चुनाव संपन्न हुए। जिसमें करीब 800 मतदाताओं में से 689 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया।





अध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार वाधवानी एवं दिलीप मेठवानी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें 689 वोट में से संतोष वाधवानी को 482 वोट मिले। इसी तरह दिलीप मेठवानी को 250 वोट मिले। संतोष वाधवानी 182 मतो से विजय हुए, जबकि 7 मत रिजेक्ट हुए। वाधवानी के विजय होने पर समाज एवं शहरवासियों ने उन्हें बधाई दी। दिलीप कुमार सुंदरानी 490 वोट, सदोरामल सचदेव 486 वोट, प्रकाश बजाज 483 वोट, अमित कुमार वाधवानी 416 वोट, हरेश कुमार वाधवानी 414 वोट, विजय कुमार सुंदरानी 398 वोट, प्रकाश दुवानी 395 वोट, घनश्याम खुशलानी 385 वोट, लायकराम सुंदरानी 362 वोट, राजकुमारी सुंदरानी 347 वोट, संजय कुमार वाधवानी 325 वोट, चंदू वाधवानी 324 वोट, कैलाश नीलम 313 वोट, संजय कुमार नागवानी 302 वोट एवं विनोद कुमार सुंदरानी को 302

# वसुधैव कुटुंबकम अर्थात पूरा विश्व एक परिवार होता हैः डॉक्टर लवानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा पर आधारित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि हमें समाज के हर वर्ग के साथ न्याय, समानता एवं सम्मान का व्यवहार करना चाहिए। जब देश मिलकर काम करते हैं ज्ञान एवं संसाधनों को साझा करते हैं तब वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मूर्त रूप देते हैं। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम अर्थात पूरा विश्व एक परिवार है और यह भावना उदार हृदय वाले मनुष्यों में ही होती है। हमें मैं की भावना का त्याग कर हम की भावना को जीवन में उतरना चाहिए। यहां इस संसार में कोई भी पराया नहीं है। प्रत्येक प्राणी के सुख दुख हमारे हैं और यदि भावना जीवन में उतार ली तो हम संसार के भवसागर को आसानी से पार कर पाएंगे। मुख्य वक्ता डॉ हरिशंकर सेन ने कहा कि उदार हृदय वाले लोगों के लिए पूरी पृथ्वी एक परिवार है। यह मेरा है यह तुम्हारा है यह संकीर्ण विचारधारा है हम देख रहे हैं कि आधुनिक समय में वसुधैव कुटुंबकम की भावना का लोप होता जा रहा है। इसके लिए हमें क्षमाशील, सहनशील, संवेदनशील, धैर्यवान करुणावान, दयावान जैसे नैतिक गुणों को जीवन में उतारना चाहिए।



छात्राओं के लिए विश्व मानवता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुस्कान कुशवाहा प्रथम पूनम अहिरवार एवं राधा कुशवाहा द्वितीय एवं दीक्षा तिवारी एवं साक्षी तिवारी तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार अंजलि विश्वकर्मा, खुशबू लोधी एवं सलोनी दुबे को दिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर रश्मि जैन, डॉ दिनेश राय, डॉ विशाल मिश्रा, डॉ आशीष गुप्ता, यशवंत शर्मा , नवीन नामदेव, नीता नामदेव, अरुण उपाध्याय, आरती ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।